लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोकसभा अध्यक्ष ने कोवीड-**19** के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री के द्वारा घोषित आर्थिक पैकेज की सराहना की।

नई दिल्ली**, 12** मई **2020** : लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कोवीड-19 के परिप्रेक्ष्य में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा घोषित आर्थिक पैकेज की सराहना की है ।

अपने ट्वीट सन्देश में श्री बिरला ने कहा कि 'वैश्विक महामारी कोरोना से महायुद्ध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभूतपूर्व राहत पैकेज की घोषणा की है। देश के श्रमिकों, किसानों, रेहड़ी वालों से लेकर मध्यम वर्ग और उद्योग व व्यापार जगत तक के विकास के लिए 20 लाख करोड़ के ऐतिहासिक पैकेज से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा ऐसा भरोसा है।'

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'देश को निराशा के माहौल से उबारने के लिए स्वावलंबी व स्वाभिमानी भारत का प्रधानमंत्री का मंत्र भारतवासियों में एक नई जान फूँकेगा और देश को पुनः विश्वगुरु बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा ऐसा विश्वास है।'

LOK SABHA SPEAKER LAUDS ECONOMIC PACKAGE, ANNOUNCED BY PM, TO FIGHT COVID 19

New Delhi, 12 May 2020: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla has lauded the economic package, announced by Prime Minister Shri Narendra Modi, to deal with COVID 19.

In his tweet message, Shri Birla said that Prime Minister Shri Narendra Modi has announced an unprecedented relief package in our war against the global Corona pandemic. He hoped that this historic package of 20 lakh crore would empower laborers, farmers, rehriwalas, middle class, industry and would lead to a self-reliant India.

He hoped that Prime Minister's mantra of a self-reliant and confident India would dispel the atmosphere of despair and pave the way to make India the 'vishvaguru' again.